BORDERNEWSMIRROR
BNM
to the point...
Monday
04-12-2023
www.bordernewsmirror.com
www.bordernewsmirror.com
Only bilingual Newspaper



### फेक न्यूज पर फूटा कृति सेनन का गुस्सा

कृति सेनन ने स्टेटमेंट जारी कर कहा, "कॉफी विद करण में मेरे द्वारा कुछ ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म को प्रमोट करने के बारे में कई आर्टिकल्स वायरल हो रहे हैं, जो झूठे हैं।

8

### दीपिका पादुकोण बनीं हेयर स्टाइलिस्ट

दीपिका की दोस्त स्नेहा रामचंदर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक स्टोरी शेयर की। फोटो में दीपिका बहुत ध्यान से अपनी बेस्ट फ्रेंड के बाल बनाती नजर आ रही हैं।

8



### इंटीमेट सीन देने पर तृप्ति डिमरी ने किया रिएक्ट

'एनिमल' के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के बीच रणबीर कपूर और तृप्ति डिमरी के बीच फिल्माया गया इंटिमेट सीन भी काफी चर्चा में है। सोशल मीडिया पर न्यूड सीन को लेकर काफी हलचल मची है।

8

### श्रद्धापूर्वक याद किए गए प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को उनकी 139 में जन्मदिवस पर श्रद्धापूर्वक याद किया गया।

2



## BRIEFLY

### विस चुनाव के नतीजे 2024 का ट्रेलर, लोस चुनाव में भाजपा को मिलेगी प्रचंड जीत: अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली । तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रचंड जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकासोन्मुखी राजनीति की जीत बताया। रविवार को भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने कहा, " इन परिणामों से एक बात स्पष्ट है की देश में सिर्फ एक हीं गारंटी चलती है और वो है मोदी को गारंटी। यह चुनाव परिणाम इस बात का भी संकेत है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को प्रचंड जीत मिलेगी।" उन्होंने कहा, "मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में निर्णायक जनादेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा पर चुनाव दर चुनाव जनता के बढ़ते विश्वास का परिचायक है।" अनुराग ठाकुर ने कहा, "यह जीत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के संगठन कौशल और अनगिनत पार्टी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और समर्पण की है, जिन्होंने अपना दिन-जनता के बीच बिताया और भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया। ठाकुर ने कहा कि मोदी जी लगातार देश के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। इन परिणामों से ये स्पष्ट है कि लोग मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार और विकास चाहते हैं। ये चुनाव बताते हैं कि कांग्रेस और उसकी झूठी गारंटियों को लोगों ने पूरी तरह से नकार दिया है।

## Trending News

### तुष्टिकरण, जातिवाद और वोट बैंक की राजनीति पर भारी पड़ीं मोदी की विकासपरक नीतियां: नड्डा

बीएनएम@

नई दिल्ली। राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शानदार जीत पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इन राज्यों की जनता का आभार व्यक्त किया है। रविवार शाम यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित समारोह में नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर अपने संबोधन में नड्डा ने कहा कि आज विपक्ष की तुष्टिकरण, जातिवाद, वोट बैंक की राजनीति, देश को बांटने की कोशिश पर मोदी की विकासपरक नीतियां भारी पड़ गईं। देश ने विकास को आगे रख कर इन चुनावों के नतीजों पर मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे आए हैं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने एक बहुत बड़ी जीत हासिल की है। नड्डा ने कहा कि ये चुनाव के नतीजे बताते हैं कि इस देश में अगर गारंटी है तो वो मोदी की गारंटी है। ये चुनाव संदेश देते हैं कि मोदी है तो मुमकिन है। जातिवाद और तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले आईएनडीआई गठबंधन ने समाज को बांटने और खंडित करने की कोशिश की है। वोट बैंक की राजनीति पर मोदी के विकास की राजनीति भारी पड़ी है। राज्यों में जीत का मतलब है कि लोगों ने गारंटी पर मुहर लगाई है।



# विस चुनाव : प्रधानमंत्री ने तीन राज्यों में जीत पर जनता का जताया आभार

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनावों की मतगणना में निर्णायक बढ़त पर इन राज्यों की जनता विशेषकर महिलाओं और युवाओं का आभार जताया है। प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया है कि जन कल्याण के लिए हम निरंतर अथक परिश्रम करते रहेंगे। वहीं तेलंगाना की जनता को भी उन्होंने भाजपा का समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स कर कहा, जनता-जनार्दन को नमन! मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणाम बता रहे हैं कि भारत की जनता का भरोसा सिर्फ और सिर्फ सुशासन और विकास की राजनीति में है। हम विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। हमें ना रुकना है, ना थकना है। हमें भारत को विजयी बनाना है। आज इस दिशा में हमने मिलकर एक सशक्त कदम उठाया है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं का भी धन्यवाद दिया और कहा कि आप सभी ने अद्भुत मिसाल पेश की है। भाजपा की विकास और गरीब कल्याण की नीतियों को आपने जिस तरह लोगों के बीच पहुंचाया, उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वो कम है। तेलंगाना की जनता से मिले समर्थन पर एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में यह समर्थन बढ़ता ही जा रहा है और आने वाले समय में भी यह सिलसिला जारी रहेगा।

# मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का जनादेश स्वीकार्य : राहुल गांधी



बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा सदस्य राहुल गांधी ने आज कहा कि तीन राज्यों (मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़) में हुई कांग्रेस की हार को वह स्वीकार करते हैं । राहुल ने रविवार को एक्स पर लिखा कि वह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का जनादेश विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं। विचारधारा की लड़ाई जारी रहेगी। राहुल ने कहा कि तेलंगाना के लोगों को बहुत धन्यवाद।। प्रजालु तेलंगाना बनाने का वादा हम ज़रूर पूरा करेंगे। सभी कार्यकर्ताओं को उनकी मेहनत और समर्थन के लिए दिल से शुक्रिया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने अपने बयान में कहा कि ठीक 20 साल पहले भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में हुए विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। उस वक्त हमें सिर्फ़ दिल्ली में जीत मिली थी लेकिन कुछ ही महीनों में ज़ोरदार ढंग से वापसी करते हुए कांग्रेस लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और केंद्र में सरकार बनाई। रमेश ने कहा कि आशा, विश्वास, धैर्य और दृढ़ संकल्प के साथ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनावों के लिए तैयारी करेगी।

# तेलंगाना: मतगणना के बीच कांग्रेस नेता को बधाई देने पहुंचे डीजीपी, आयोग ने किया निलंबित

बीएनएम@हैदराबाद

हैदराबाद। तेलंगाना विधान सभा चुनाव में वोटों की गिनती के दौरान कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी को बधाई देने पहुंचे सूबे के पुलिस महानिदेशक अंजनी कुमार को चुनाव आयोग ने निलंबित कर दिया है। इस मामले में उनके साथ गए दो अन्य आला पुलिस अधिकारियों को भी आयोग ने नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। सचिवालय सूत्रों ने खुलासा किया कि चुनाव आयोग ने इन आला पुलिस अधिकारियों के इस कृत्य को आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन माना है। दरअसल, पुलिस महानिदेशक ने आज दिन में कांग्रेस के नेता ए. रेवंत रेड्डी को बधाई देने के लिए उनके निवास पहुंचे थे। वहां डीजीपी ने उन्हें पुष्प गुच्छ सौंपा था। इस मौके पर उनके साथ दो वरिष्ठ पुलिस अधिकारी महेश भागवत और संजय कुमार जैन भी थे। चुनाव आयोग का कहना है कि इस मुलाकात से चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हुआ है । चुनाव आयोग ने दो अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एडिशनल डीजीपी महेश भागवत और संजय कुमार जैन को भी नोटिस भेजा है। आयोग ने इन वरिष्ठ अधिकारियों को स्पष्टीकरण देने के आदेश जारी किये हैं। मतगणना पूरी होने से पहले डीजीपी के पीसीसी अध्यक्ष के पास जाकर मिलने को चुनाव आयोग ने गंभीरता से लिया है।



# 3 राज्यों के विधानसभा में बीजेपी की शानदार जीत, जश्न में डूबा बिहार BJP कार्यालय




बीएनएम@ पटना

पटना: बिहार की राजधानी पटना स्थित बीजेपीकार्यालय में जश्न का माहौल है. बीजेपी कार्यकर्ता दिन में ही दीपावली मना रहे हैं. रविवार को चार राज्यों में चुनाव की गिनती जारी है. मतगणना में बीजेपी तीन राज्यों में लीड कर रही है. भाजपा राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में बढ़त बनाए हुए है. बीजेपी को चुनाव में मिल रही जीत से कार्यकर्ता काफी उत्साहित है और पटाखा फोड़कर जश्न मना रहे हैं. तीन-तीन राज्यों में जीत मिलने के बाद बिहार बीजेपी उत्साहित है. प्रदेश कार्यालय में जश्न का माहौल है. कार्यकर्ता एक साथ होली और दिवाली मना रहे हैं. वहीं लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा को संजीवनी बूटी मिल गई है. तीन राज्यों में भारी जीत ने भाजपा के उत्साह को सातवें आसमान पर ला दिया है. चुनाव के नतीजे के बाद प्रदेश कार्यालय में उत्सवी माहौल हो गया कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी शुरु कर दी तो मिठाइयां बांटे जाने लगे. भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्यालय में जमकर आतिशबाजी की. 2 घंटे तक प्रदेश कार्यालय में आतिशबाजी होती रही और भाजपा कार्यकर्ता वंदे मातरम के नारे लगाते रहे. प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया. कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि जिस तरीके की जीत अभी मिली है. उससे भी बड़ी जीत लोकसभा चुनाव में मिलने वाली है. भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने कहा कि पूरे देश के युवा मोर्चा और बीजेपी कार्यकर्ता काफी खुश हैं. पूरा देश आज भाजपा मय हो चुका है. 2024 में बीजेपी 400 से ज्यादा सीट लाने वाली है. वहीं एक बीजेपी कार्यकर्ता ने कहा कि देश की जनता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उन्हें जातिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले नहीं चाहिए. वह सिर्फ और सिर्फ विकास के नाम पर वोट देंगे, न कि जाति और धर्म के नाम पर. आईएनडीआईए गठबंधन पर प्रहार करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने रविवार को कहा कि आप चाहे कितनी भी पार्टी मिलकर कोई भी एलायंस बना ले पर जीत की गारंटी मोदी के अलावा कोई दे ही नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान आईएनडीआईए गठबंधन के नेताओं ने प्रधानमंत्री के ऊपर जिस तरह के अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया था, हमारी पार्टी के बारे में दुष्प्रचार कर जनता को भरमाने का प्रयास किया गया था, अब चाचा, भतीजा, बुआ और जो भी हो वह खुद ही तय कर लें कि बाजार में रेवड़ी का ठेला लगाने की आवश्यकता किनको है?

## NEWS IN BRIEF

### जन्मदिवस पर श्रद्धापूर्वक याद किए गए प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

बेगूसराय। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को उनकी 139 में जन्मदिवस पर श्रद्धापूर्वक याद किया गया। जिला मुख्यालय के हर-हर महादेव चौक स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर डीएम रोशन कुशवाहा, एसपी योगेन्द्र कुमार, मेयर पिंकी देवी सहित अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि चंपारण सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन, संविधान निर्माता और प्रथम राष्ट्रपति के रुप में राष्ट्र निर्माण में उनका अद्वितीय योगदान रहा। आजादी के बाद जब पूरी दुनिया की नजर भारत पर थी तो वैसे समय में उन्होंने राष्ट्रपति के रुप में देश को संभाला, सजाया और संवारा। राष्ट्रपति जैसे गैर राजनीतिक पद पर काम कर उन्होंने देश के विकास का मार्ग प्रशस्त किया, नवभारत का निर्माण किया। हम उनके कृतित्व को आत्मसात कर देश और समाज को आगे बढ़ाएं। एसपी योगेन्द्र कुमार कहा कि आजादी के संघर्ष से लेकर आजादी के बाद तक उनका योगदान अविस्मरणीय है। चंपारण सत्याग्रह ने देश की आजादी की दिशा बदलती थी। डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने गांधी जी के साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मेयर पिंकी देवी ने कहा कि प्रथम राष्ट्रपति के रुप में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने सुव्यवस्थित तरीके से देश को सजाया-संवारा। उनका जीवन एक संघर्ष है। स्वतंत्रता के लिए संघर्ष से लेकर अंतिम काल तक उनका जीवन हमें प्रेरित करता है। हम सब समाज और देश के विकास के लिए जाति-पार्टी में नहीं बंटें। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर मिलजुल रहे, तभी देश आगे बढ़ेगा। अखंड भारत का उनका सपना तभी साकार होगा। देश की प्रगति के लिए उनके कृतित्व और व्यक्तित्व से सीख लेनी चाहिए।

# आर सी पी सिंह बोले अब तो उनके करीबी भी नहीं छोड़ेंगे.

बीएनएम@ पटना

पटना: भाजपा को विधानसभा चुनाव- में मिली प्रचंड जीत के बाद भाजपाइयों में उत्साह देखने को मिल रहा है. कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय पर जमकर जश्न मना रहे हैं. वहीं पार्टी के दिग्गज नेताओं ने भी इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया है. इसके साथ ही। NDA में शामिल पार्टी नेताओं ने भी इसकी खुशी जाहिर की हैं. वहीं BJP में शामिल हुए आरसीपी सिंह ने भी पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई दी है. इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि, नीतीश बाबू के आस-पास जितने लोग हैं वो नीतीश बाबू को भी कहीं का नहीं छोड़ेंगे. भाजपा नेता आरसीपी सिंह ने कहा कि, जेडीयू पार्टी मध्य प्रदेश में चुनाव लड़ती है और 43 वोट आता है.

# मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान तो झांकी है, अब बिहार बाकी है: सम्राट

बीएनएम@पटना

पटना। राज्यस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत पर बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि मोदी की गारंटी को पूरे देश की जनता ने मान लिया है। इस देश में एक ही गारंटी चलेगी और उसका नाम है मोदी गारंटी। साथ ही कहा कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान झांकी है। अब बिहार बाकी है। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, सभी कार्यकर्ताओं और जनता को ढेरों बधाई। तीन राज्यों से आये परिणाम से यह सिद्ध हो गया है कि अब जनता भारत को तोड़ने वाले के बदले जोड़ने वाले पर भरोसा करती है। जातिवाद-परिवारवाद के बदले विकास की राजनीति करने वाली पार्टी की सोच का साथ देती है। आज का परिणाम हमारे नरेंद्र मोदी के संकल्प अखंड भारत के निर्माण को और मजबूती प्रदान करेगा। ऋतुराज सिन्हा ने इस जीत को भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता की जीत बताया है। सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि कांग्रेस तेरे पाप समाप्त नहीं होंगे, जबतक कांग्रेस समाप्त नहीं होगी। तीन दिसंबर, 1984 को भोपाल में भीषण गैस कांड हुआ था। इस घटना में हजारों लोगों की मृत्यु हुई थी लेकिन कांग्रेस ने हत्यारे एंडरसन को सजा-ए-मौत न देकर भागने के लिए फ्लाइट दिया।

# चार राज्यों में आए जनादेश की समीक्षा जरूरी : कांग्रेस

बीएनएम@ पटना

पटना । बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने रविवार शाम सभी चारों राज्य के चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राजस्थान में कोई गहलोत सरकार के खिलाफ नहीं बोलता था। कोई सरकार विरोधी माहौल नहीं था। वहां सरकार की तारीफ होती थी लेकिन जिस तरह का रिजल्ट आया है, इसकी समीक्षा की जानी चाहिए। विपक्षी गठबंधन की बैठक को लेकर अखिलेश सिंह ने कहा कि हमारा गठबंधन कभी छुट्टी पर नहीं था। हमारा गठबंधन पूरी ताकत से पूरी समर्थन से मोदी को केंद्र की कुर्सी से हटा कर रहेगा। हम इस मीटिंग में तय करेंगे कि हमें किस तरह का आगे काम करना चाहिए। फिलहाल हमें तीन राज्यों के रिजल्ट पर समीक्षा की जरुरत है और इस पर बातचीत की जाएगी। बिहार सरकार में मंत्री विजय चौधरी के बयान पर कांग्रेस नेता ने कहा कि सिर्फ जदयू के लिए नहीं, बल्कि पूरा आईएनडीआईए गठबंधन जो 28 दलों का है सबके लिए जरूरी है।



# i N.D.I.A गठबंधन में घमासान शुरु



बीएनएम@ पटना

### RJD ने हार का ठीकरा कांग्रेस पर फोड़ा

पटना: राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में बीजेपी की बढ़त ने भारी जीत का संकेत दिया है. इस रुझान के बाद राजनीतिक बयानबाजी शुरु हो गई है. इस पर आरजेडी के मुख्य प्रवक्ता शक्ति यादव ने रविवार को कहा कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ राजस्थान में 'इंडिया' गठबंधन की नहीं बल्कि यह कांग्रेस की हार हुई है. कांग्रेस इसके लिए जिम्मेदार है. इन विधानसभा चुनावों में 'इंडिया' गठबंधन एकजुट नहीं था. 'इंडिया' गठबंधन में जो दल हैं उनके प्रमुख नेताओं को प्रचार में नहीं बुलाया गया. ऐसा अगर होता तो आज तस्वीर कुछ और होती.

### 'महागठबंधन सरकार 2025 तक चलेगी'

शक्ति यादव ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के दलों की अनदेखी कांग्रेस ने इन विधानसभा चुनाव में की. उसी का खामियाजा उसे भुगतना पड़ा है. छह दिसंबर को सुनने में आया है कि 'इंडिया' गठबंधन की बैठक होगी. इसमें हम लोग खुलकर अपनी बात रखेंगे. बीजेपी घमंड में है. बिहार में महागठबंधन सरकार 2025 तक चलेगी और 2024 में लोकसभा चुनाव में बिहार में सभी 40 सीट महागठबंधन जीतेगा. बीजेपी जो दावा कर रही है कि इन राज्यों के चुनावी नतीजों का असर बिहार में होगा व महागठबंधन सरकार गिरेगी तथा जल्द विधानसभा चुनाव होगा. यह खोखला दावा है. बिहार में बीजेपी कहीं टक्कर में नहीं है. मतगणना के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत से मध्य प्रदेश की सत्ता में वापसी की ओर बढ़ रही है, वहीं, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में वह कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करने के करीब है. इन चुनावों में कांग्रेस के लिए राहत सिर्फ तेलंगाना से मिल रही है, जहां उसके भारी बहुमत से सरकार बनाने की प्रबल संभावना है.

BORDER NEWS MIRROR

MOTIHARI

Monday
04-12-2023



# नेपाल पुलिस के फायरिंग में एक भारतीय नागरिक को लगी गोली,कई घायल



आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर नेपाल पुलिस के खिलाफ की नारेबाजी

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। जिले रक्सौल से सटे भारत-नेपाल सीमा के सिवान टोला में महावीर मेला के दौरान नेपाल पुलिस के द्वारा फायरिंग करने पर एक भारतीय नागरिक बुरी तरह घायल हो गया है। वही गोली के छर्रे से कई और ग्रामीण जख्मी भी हुए है। घायल नागरिक की पहचान सिवान टोला निवासी राजन पटेल के रूप में हुई है। जिसको पैर में गोली लगी है। जिसका इलाज रक्सौल डंकन हॉस्पिटल में चल रहा है। घटना के बाद स्थानीय नागरिको में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि नेपाल सीमा से सटे पंटोका पंचायत में छठ पूजा के 15वें दिन महावीरी मेला का आयोजन करने की परंपरा है,जिसमे दोनो देश के नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल होते है।इस साल भी इस मेला का आयोजन नेपाल की ओर स्थित मंदिर के पास किया गया था।आयोजको द्वारा मेला रात्रि में नाच गान का भी आयोजन किया गया था।इसी दौरान रात्रि करीब 10 बजे नेपाल पुलिस द्वारा नाच बंद करने को कहा गया लेकिन ग्रामीणों ने उनसे अनुरोध किया कि दो घंटे के बाद बंद कर दिया जाएगा,लेकिन नेपाल पुलिस तत्क्षण नाच बंद करने को लेकर अड़ गये और फिर अतरिक्त पुलिस बल को बुला कर भीड़ पर लाठी चार्ज व फायरिंग कर दी गई, जिससे भगदड़ मच गई। ग्रामीणों ने बताया कि इस दौरान नेपाल पुलिस के द्वारा चार राउंड फायरिंग भी की गई। जिसमें राजन पटेल नामक एक युवक को पैर में गोली लगी है। जबकि अन्य कई लोग चोटिल हुए है। ग्रामीणों का आरोप है कि नेपाल पुलिस भारतीय सीमा में घुस लोगों को मारा व पीटा है। भारतीय सीमा के घर तक बंदूक के छर्रे लगे हुए है। वही इस घटना के बाद सिवान टोला के ग्रामीणों ने भारत-नेपाल सीमा को बांस से घेर पर आवाजाही को रोक कर नेपाल पुलिस का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन भी किया गया।फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है,और मौके पर भारतीय पुलिस और अधिकारी पहुंच कर छानबीन में जुटे है।

## NEWS IN BRIEF

### बारात में पटाखा छोड़ने के दौरान घर में लगी भीषण आग

मोतिहारी। जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर के प्रधान पथ स्थित पानी टंकी के समीप एक मकान के दूसरी मंजिल पर रविवार शाम भीषण आग लग गयी। आग लगने का कारण बारात में फोड़े जा रहे पटाखा बताया गया है। जहां इस घटना में लाखों की संपत्ति नष्ट होने का अनुमान है। आग सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग व पुलिस की टीम ने तीन दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगो ने बताया कि आग लगने के समय प्रधान पथ से एक बारात निकल रही थी। जिसमे जमकर आतिशबाजी किया जा रहा था।

### न्यू पेंशन स्कीम एनपीएस का विरोध कर बाईक रैली निकाली

बेतिया। नेशनल मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन स्कीम के बिहार प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आवाह्न पर पूरे बिहार के प्रत्येक जिले में राज्य कर्मियों और केन्द्रीय कर्मियों के द्वारा न्यू पेंशन स्कीम एनपीएस का विरोध आज "बाईक रैली" जीएमसीएच बेतिया से कोतवाली चौक , इलाराम चौक, द्वारदेवी चौक,नाजनी चौक, शहीद स्मारक पर शहीदों को मालार्पण कर समाहरणालय में बाबा साहेब के मूर्ति पर भी मालार्पण करते हुए रेलवे स्टेशन तक निकालकर किया गया जिसमें सौ से अधिक कर्मचारियों ने भाग लेकर एक ही मांग रखा "पुरानी पेंशन बहाल करो"आज के बाईक रैली का मुख्य उद्देश्य पुरानी पेंशन व्यवस्था को लागू करने के लिए पुरे जिले में जागरुकता फैलाना और 10 दिसम्बर को पटना में होने वाले पेंशन मानवाधिकार रैली को सफल बनाना।

# पेड़ से लटका युवक के शव को पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। थाना क्षेत्र के कटकेनवा व बखतौरा सरेह में रविवार की सुबह ग्रामीणों ने पेड से लटका यूवक का शव को पुलिस को सूचना देकर बरामद करवाया है।उक्त युवक का पेड़ से लटका शव देख ग्रामीणों के बीच सनसनी फैल गयी। इसी बीच लोगों ने दरपा पुलिस को सूचना दी। दरपा थानाध्यक्ष स्थल पर पहुंच बताया कि यह आदापुर थानाक्षेत्र में है। तब आदापुर पुलिस घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा बना कर पोस्टमार्टम के लिए सदर हॉस्पिटल मोतिहारी भेजा दिया। मृतक की पहचान दरपा थाना क्षेत्र के बगही गांव निवासी मोमिन सहनी के 20 वर्षीय पुत्र सुरेश सहनी के रूप में पुलिस ने की है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम में भेजने के बाद घटना के कारणों के पता करने में जुट गई है। थानाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद ने बताया कि अनुसंधान किया जा रहा है।

# तीन राज्यो में मिली जीत से भाजपा कार्यकर्त्ताओ में जबरदस्त उत्साह


बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत से उत्साहित पार्टी कार्यकर्ताओ ने आज जश्न मनाया। जिले के रक्सौल चकिया,मेहसी व मोतिहारी नगर समेत प्राय: सभी प्रखंडो के पार्टी मुख्यालय से कार्यकर्ताओं ने रैली निकाल कर मुख्य चौराहे पर पहुंचे और एक साथ होली और दिवाली मनाई। जहां उत्साहित कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाया, पटाखे फोड़े और मिठाइयां बांटी। मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा की बड़ी जीत ने साबित कर दिया गया है कि 2024 में एक बार फिर नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। 2024 में भाजपा की जीत तय हो गई है। हालांकि, तेलंगाना में कांग्रेस को रुझानों में बहुमत प्राप्त हो रहा है लेकिन मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।इन राज्यों के चुनाव को आम चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा था। इन चुनाव में परिणाम 3-1 से भाजपा के पक्ष में रहा है। मध्य प्रदेश में भाजपा को 150 से भी ज्यादा सीटों पर जीत मिलती हुई नजर आ रही है। चुनाव के समय कयास लगाए जा रहे थे कि करीब 18 साल से राज्य में सत्ता पर काबिज भाजपा के खिलाफ राज्य में माहौल है। लेकिन जनता ने सभी कयासो के विपरीत भाजपा को एक बार फिर सत्ता प्रदान कर दिया है।

# प्रतिभा खोज सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

बीएनएम@तुरकौलिया

तुरकौलिया। गोल्डेन फ्यूचर फाउंडेशन संस्था द्वारा प्रतिभा खोज सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित किया गया। तुरकौलिया प्रखंड अंतर्गत एक निजी विधालय में संस्था द्वारा परीक्षा का केंद्र निर्धारित किया गया था। जहां अलग अलग स्थानों से सैकड़ों छात्र छात्राओं ने इस प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में प्रतिभागी बने। जहां कई छात्रों ने यह भी बताया कि ये बहुत ही सराहनीय प्रयास है इससे हम सभी को बहुत कुछ सीखने को मिला हैं। और जब भी ऐसी प्रतियोगिता आयोजित होगी हम सभी उत्साह पूर्वक इसमें शामिल होंगे। वही संस्था संस्थापक अध्यक्ष सैरभ प्रजापति ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जितने भी छात्र छात्राओं ने भाग लिया उनमें से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को एक लैपटॉप, दूसरी स्थान वाले को एक टैब तृतीय स्थान वाले को एक साइकिल सहित अन्य सभी प्रतिभागियों को पुस्तक,स्कूल बैग,मेडल, मूमेंटो सहित प्रस्सति पत्र से पुरस्कृत किया जाएगा। मौके पर शशिकांत कुशवाहा,विवेक गुप्ता,राजा गुप्ता,आलोक गुप्ता,रौशन प्रकाश, ध्रुव नारायण सहनी, प्रतीक मिश्रा, जय प्रकाश गुप्ता, राजन सोनी सहित अन्य सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।




# विराट शिव गुरु महोत्सव का होगा आयोजन




बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। भगवान शिव के गुरु स्वरुप की चर्चा को लेकर सत्रह वर्षो बाद आगामी 12 दिसम्बर, मंगलवार को विराट शिव गुरु महोत्सव का आयोजन शिव शिष्य हरीन्द्रानंद फाउंडेशन के तत्वावधान में जिले के चकिया स्थित चीनी मिल मैदान में होगा। इस आयोजन में बिहार, झारखंड, बंगाल, यूपी, दिल्ली सहित पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में शिव शिष्य शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम को लेकर अधिकारिक अनुमति मिलने के बाद 75 हजार वर्ग फीट का भव्य पंडाल बन रहा है। शहर के नरसिंह बाबा मंदिर प्रांगण में प्रेस वार्ता करते शिव शिष्य परमेश्वर राय ने कहा कि यह एक पूर्णतः आध्यात्मिक आयोजन होने वाला है। शिव गुरु महोत्सव में भगवान शिव के गुरु स्वरुप पर चर्चा होगी, जिसमें गुरु भ्राता अर्चित आनंद एवं बरखा आनंद शिव शिष्यों को सम्बोधित करेंगें। गौरतलब हो कि साल 2006 में शहर के जिला स्कूल मैदान में साहब हरीन्द्रानंद ने महोत्सव को सम्बोधित किया था उस समय लगभग एक लाख लोग शामिल हुए थे। इस आयोजन में भी शिव शिष्यों की भाड़ी भीड़ जुटाने की संभावना है। महोत्सव को लेकर आयोजन समिति का गठन किया गया है जिसमें अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, उपाध्यक्ष सुधा ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुखदेव पासवान, सचिव राम निवास ठाकुर को बनाया गया है। महोत्सव को लेकर कई समितियों का गठन किया गया है जिसमें 200 सदस्यों के अलावे 400 महिला व पुरुष स्वयंसेवक महोत्सव को सफल बनाने के लिए बनाए गए हैं। महोत्सव में बाहर से पधारे श्रद्धालुओं के आवासन, शौचालय, चापाकल और चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था की गई है। श्री राय ने कहा कि शिव शिष्यों के लिए हर प्रकार की सुविधा दी जाएगी। शिव शिष्यों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक की संख्या में शिव गुरु स्वरुप की चर्चा में अवश्य शामिल हों। उक्त मौके पर मुन्ना कुमार, बाल्मीकी किशोर, आशुतोष कुमार, बिंदेश्वरी बैठा, सुधा ठाकुर, जानकी मिश्रा, श्यामा शाही, राधा देवी, पूनम देवी सहित सैकड़ों से अधिक शिव शिष्य उपस्थित रहे।


हरसिद्धि का न. 1 कम्प्यूटर संस्थान
SAKSHI COMPUTER INSTITUTE
SCI
HARSIDHI
SAKSHI
COMPUTER INSTITUTE
स्थान- यादोपुर रोड, हरसिद्धि, पूर्वी चम्पारण
COURSES OFFERED:-
DCA, DFA, DTP, TALLY, ADCA, PGDCA
HINDI TYPING, ENGLISH TYPING
INTERNET & OTHERS
Special Batch for Data Operator
8809414001, 6209214001
Email: sci845422@gmail.com


चन्द्रा लाईफ लाईन हॉस्पीटल प्रा. लि.
ISO 9001:2015
डा. चन्द्र सुभाष
M.B.B.S. DMCH (Darbhanga)
M.S., D-Ortho, Ph.D. (Ortho-R)
F.C.G.P. (Chennai), D.N.B.1 (New Delhi)
Reg. No.- 34216 (Bihar)
हड्डी, जोड़ नस एवं गठिया रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
* यहाँ दुरबीन (Arthroscopy) के द्वारा घुटना एवं कंधा का ऑपरेशन किया जाता है।
* यहाँ हड्डी के सभी तरह का ऑपरेशन कम्प्यूटर (C-ARM) की सहायाता से किया जाता है।
* 15-20 वर्षो से पुराना गठिया जिसका ईलाज कराकर थक गये है उसका विशेष ईलाज
* पहले से नाकाम एवं गलत ईलाज, हड्डी का कैंसर-टीबी तथा जन्मजात टेढ़ा पैर एवं हाथ का सफल ईलाज एवं ऑपरेशन
24/7 Emergency Services
डा. हेना चन्द्रा
M.B.B.S. DMCH (Darbhanga)
P.G. Diploma (MCH) Jaipur
P.G. Diploma (sonology)
Gold Medalist
Reg. No.- 40386 (Bihar)
स्त्री, बाँझपन एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ
* यहाँ यथा संभव नार्मल डिलीवरी कराने का प्रयास होता है।
* शादी के 10-15 साल बाद भी संतान सुख से वंचीत दंपती यहाँ पर इलाज कारकर संतान सुख ले रहे है।
1. Ultrasonography, 2. Mammography, 3. X-ray, 4. Pathology Lab, 5. ECG, 6. Ambulance, 7. ICU
स्थान- चरखा पार्क के पश्चिम वाली रोड में जिला परिषद के सामनें, स्टेशन रोड, बेलबनवा, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण
नोटः- हमारे यहाँ लगभग सभी हेल्थ इंश्योरेंस का कैशलेश ईलाज किया जाता है।
Mob.- 9471418204, 9471418205, 9471418206, 9471418109


कवि जाँच घर
डा.संजय कुमार
MBBS (DAR)
MD (Microbiology)
Lab Time: 07 AM to 08 PM (Daily)
विशेषताएँ-
1. Online Reporting एवं Online Payment की सुविधा।
2. घर बैठे जाँच करायें एवं घर बैठे रिपोर्ट पायें।
3. 100% Accurate Report.
4. Full Body चेक-अप की सुविधा।
5. Same Day Reporting.
6. Thyroid, Cancer Marker CA-125, FNAC RTPCR, PAP Smear, Covid-19 Test का जाँच प्रतिदिन होता है।
7. NABL & ICMR New Delhi से मान्यता प्राप्त है।
8. Urine Culture, Blood Culture, TB Culture का जाँच प्रतिदिन होता है।
9. Home Collection के लिए इन नम्बर पर फोन करें।
KAVI-DIAGNOSTICS PVT. LTD
Dr. Sanjay Kumar
BD Phoenix M50
BD Bactec FX40
Qiagen RTPCR Machine
Vitros ECI (Thyroid)
Mob.: 7079040658, 8002821299, 8722149281, 7033441319
Address : Bhawanipur Zirat, Motihari, East Champaran-845401
website: www.kavidiagnostics.com | email: drsanjaykumar63@gmail.com


MH
मणि हॉस्पीटल
एडवान्सड न्यूरो एण्ड ट्रामा सेन्टर
MANI HOSPITAL
विशेष सुविधा
24x7 Emergency Service
ICU
NICU with Ventilator
Ventilator BIPAP / C-PAP
BURN WARD
ULTRA Modern OT
ON CALL 24 Hrs Ambulance
24/7 Emergency Services
डा. मणिशंकर कुमार मिश्रा
एम.बी.बी.एस., के.जी.एम.यू., लखनऊ
चिकित्सा पदाधिकारी आई.सी.यू.
सदर हॉस्पीटल, मोतिहारी
मो.- 9801549495
एनएच- 28 ए, बड़ा बरियारपुर, छतौनी, मोतिहारी


ARYA VIDYAPITH
WORLD CLASS EDUCATION FOR EVERYONE
Balganga , Raghunathpur, Motihari
Outstanding CBSE result - all students 90% above, 2 students 100%.
Entrepreneurial Excellence Curriculum and Classes by IIM-Calcutta alumni and Other Corporate Personalities.
A Microsoft School Equipped with Smart Classes with synchronized content as per course books.
Lush Green and Large Eco-Friendly campus with all modern amenities. RO water supply.
Artificial Intelligence Coding Classes from Class VI onward as per New Education Policy (NEP2020).
Excellent Technical infrastructure to switch to online class mode within 30 minutes in case of any lockdown/closure due to severe weather condition etc.
Modern and Large Computer Labs, Science and Math Labs.
Systematic Personality Development by range of Co-curricular Activities.
Qualified and Experienced Faculties for Academic Excellence.
24x7 CCTV Surveillance.
Transport Facility from all areas.
Multiple Sports Facilities.
ADMISSION OPEN
Limited Seats Available in class LKG - IXth
Session - 2023-2024
Affiliated to CBSE New Delhi upto XIIth
9122740872
9608600615
aryavidyapith@outlook.in
www.aryavidyapith.com
fb.com/aryavidyapithmotihari
Arya Vidyapith (@aryavidyapith)

BORDER NEWSMIRROR

# Editorial


Monday 04 December 2023

## सशक्त हुई भारतीय नौसेना

नौसेना बल की उपलब्धियां और राष्ट्र में उनके योगदान का वर्णन जितना किया जाए, उतना कम होगा। आज भारत में ही नहीं, पूरे वर्ल्ड में हमारी नौसेना की वाहवाही होती है, क्योंकि वह दिनों दिन अपने नए-नए प्रयोगों से नित नई ऊंचाइयां छू रही है। इस कड़ी में अब एक और नया अध्याय जुड़ गया है। नौसेना में आधी आबादी ने दस्तक दे दी है। इसी सीजन में एक हजार 'अग्निवीर महिला सैनिक' नौसेना में शामिल हुई हैं जिससे इस टुकड़ी की न सिर्फ ताकत बढ़ी, बल्कि उनके अनुशासन कार्यान्वयन में भी क्रांतिकारी परिवर्तन आना शुरु हुआ। आज 'नौसेना दिवस' है। इस बार ये दिन इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें अब महिलाओं की भी सहभागिता सुनिश्चित हो गई है। नौसेना में पहली मर्तबा 'नौसैनिक पोत' पर महिला कमांडिंग अधिकारी को नियुक्त किया गया। सरकार का ये कदम निश्चित रुप से अकल्पनीय और सराहनीय है। महिला सशक्तिकरण में भारत ने एक और कदम आगे बढ़ा दिया है। बहरहाल, आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण और जलीय निगरानी तंत्र में स्वदेशी जहाज, पनडुब्बी, आईएनएस विक्रांत, जलीय विमान, यूएवी यानी मानव रहित हवाई वाहन, हमारी नौसेना की ताकत हैं। उनकी सुरक्षा अभेद है। पलक झपकते ही दुश्मन को पानी में डुबोने की हिम्मत रखती है। नौसेना के इतिहास और आज के खास दिवस की बात करें, तो उसका एक सुनहरा युग हमने व्यतीत किया है। सन 1971 के इंडो-पाकिस्तान युद्ध के दौरान 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' के शुरु होने कीं याद में हमारी सेना प्रत्येक वर्ष 4 दिसंबर को 'नौसेना दिवस' का पर्व मनाती है। इंडियन नेवी की पूर्ण स्थापना की जहां तक बात है तो श्रीगणेश 1612 में हुआ। जब ईस्ट इंडिया कंपनी ने 'रायल इंडियन नेवी' नाम से अपनी सेना बनाई थी। उस वक्त ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपने कमर्शियल शिपों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर इस सैन्य का गठन किया था। पर, आजादी मिलने के बाद स्वतंत्र व्यवस्था ने 1950 में भारतीय नौसेना के रूप में पुनर्गठित कर दिया। नेवी डे समुद्री सीमाओं को सुरक्षित सहजने और जलीय ऑपरेशन व मिशनों को मुकम्मल करने के तौर पर भी याद किया जाता है।

## कोई भी संख्या पूर्ण से बड़ी नहीं होती

हृदयनारायण दीक्षित



अस्तित्व में दो नहीं। यहां द्वैत नहीं है। वेदांत अनुभूति में इसे अद्वैत कहा गया। ऋग्वेद के एक ऋषि ने इसे 'पुरुष' कहा और बताया कि जो भूतकाल में अब तक हो चुका और जो आगे होगा वह सब पुरुष ही है। पुरुष एक है। इसी के भीतर सम्पूर्णता है। यही बात ऋग्वेद में 'अदिति' के लिए कही गई है और छान्दोग्य उपनिषद में 'भूमा' के लिए। भूमा सम्पूर्णता का पर्याय है। पूर्ण भारतीय दर्शन की अनोखी खोज है। 'पूर्ण' असीम विराट है। संख्या गणित का विषय है। विराट अस्तित्व के रहस्य गणित की पकड़ में नहीं आते। गणित में बड़ी से बड़ी संख्या भी पूर्ण का ही भाग होती है। कोई भी संख्या पूर्ण से बड़ी नहीं होती। 'पूर्ण' वैदिक पूर्वजों का आत्मीय विषय रहा है। 'शतपथ ब्राह्मण' उत्तर वैदिक काल का प्रमुख सामाजिक, ऐतिहासिक, वैज्ञानिक व दार्शनिक ग्रंथ है। इसमें संख्या व गणित के तमाम उल्लेख हैं लेकिन इसी के अंश वृहदारण्यक उपनिषद (पांचवें अध्याय) में पूर्ण की रम्य व्याख्या है। बताते हैं-'वह पूर्ण है, यह पूर्ण है-'पूर्णमदः पूर्णमिदं'। मन प्रश्न करता है कि क्या पूर्ण भी दो हो सकते हैं। एक यह पूर्ण और दूसरा वह पूर्ण। इस जिज्ञासा का उत्तर भी इसी मंत्र में है-'यह पूर्ण उस पूर्ण का ही विस्तार है-पूर्णात पूर्णमुदच्यते।' शंका तो भी शेष न रहे इसलिए आगे कहते हैं-'पूर्ण में पूर्ण निकाल देने पर भी पूर्ण ही बचता है-पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमिवावशिष्यते।' भारतीय अनुभूति का यह पूर्ण उल्लासदायी है। प्रगाढ़ अनुभूति और दर्शन में 'पूर्ण' पूरा पूर्ण है। हम सबको अनेक पूर्ण दिखाई पड़ सकते हैं। लेकिन उन्हें पूर्ण नहीं कहा जा सकता। जो वास्तविक पूर्ण है, उस पूर्ण में कुछ भी घटाओ, जोड़ो, गुणा करो, पूर्ण पूर्ण ही रहता है। निस्संदेह गणित में कोई भी अंश या संख्या पूर्ण से छोटी होती है लेकिन पूर्ण अनुभूति में अंश या संख्या भी पूर्ण ही होती है। सारी संख्याएं पूर्ण का ही अविभाज्य अंश हैं और अंश कभी पूर्ण से पृथक अस्तित्व नहीं रखते। इस दृष्टि से हम सब पूर्ण हैं। पूर्णता के बोध के अभाव में अपूर्ण जान पड़ते हैं। अपूर्ण होना दुख है, पूर्ण होना आनंद। वेदों में अनेक देवों की स्तुतियां हैं। पश्चिमी विद्वान इसी आधार पर भारतवासियों को बहुदेववादी बताते हैं। हम भारतवासी बहुदेववादी नहीं, बहुदेव उपासक हैं। ऋषि की घोषणा है कि इन्द्र, अग्नि तमाम देवता हैं लेकिन सत्य एक है, विद्वान उसे भिन्न-भिन्न ढंग से बताते हैं। तैत्तिरीय उपनिषद में कहते हैं-'वह पुरुष और आदित्य में एक ही है।' संभवतः कुछ विद्वान पुरुष को और कुछ सूर्य को अलग-अलग बताते रहे होंगे। ऋषि दोनों को एक बताते हैं। पूर्णता सनातन प्यास है। हम सब अपूर्ण हैं। भोजन या पानी की प्यास अपूर्णता का संदेश है। सांसारिक उपलब्धियों की इच्छा भी हमारी अपूर्णता की ही सूचना है। इच्छा, अभिलाषा या आकांक्षा अपूर्णता के ही बोधक हैं। तनावग्रस्त होने का कारण भी हमारी अपूर्णता है। हम अतृप्त हैं। हम किसी भी मार्ग या उपाय से समृद्धि चाहते हैं और समृद्धि अतिशीघ्र नई रिक्तता में बदल जाती है। सुख फिसल जाता है, दुख घेर लेता है। प्रकृति सृष्टि सम्पूर्णता है। सम्पूर्णता में ही रहती है। सम्पूर्णता में ही प्रकट होती है। यहां सामान्य गणित नहीं है। पूर्ण से पूर्ण घटा देने पर शून्य नहीं बचता। यहां अस्तित्व की सम्पूर्णता का सुन्दर विवेचन है-'मेरा मन ऐसा ही मंत्र गढ़ने को उतावला है-मैं अपूर्ण हूं। हम सब अपूर्ण हैं। मैं में हम घटाओ तो अपूर्ण मैं ही बचता है।' मैं दुख है, हम होना सुख है और सम्पूर्ण होना आनंद। सम्पूर्णता की प्यास स्वाभाविक ही गहरी ही होनी चाहिए।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

*Today's* Opinion

## काउंटिंग में देखिए एग्जिट पोल का 'रोल'



प्रमोद भार्गव

अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के सेमीफाइनल माने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल, मसलन वास्तविक अनुमान कहीं बदलाव तो कहीं बराबर की टक्कर जता रहे हैं। वास्तविक नतीजे तो तीन दिसंबर को आएंगे, उससे पहले सामने आए इन अनुमानों ने मतदाता की नब्ज टटोलने की कोशिश की है। लेकिन इस बार एग्जिट पोल में जो भिन्नता व दुविधा दिखाई दे रही है, उससे लगता है कि मतदाता की मंशा टटोलने वाली सर्वे एजेंसियों की सर्वेक्षण प्रणालियां वैज्ञानिक नहीं हैं, क्योंकि मध्य प्रदेश से जुड़े जो आठ सर्वे खबरिया चैनलों में प्रसारित हुए हैं, उनमें से सात भाजपा को और एक एबीपी-सी वोटर कांग्रेस को बहुमत दे रहे हैं। भाजपा सत्ता में आती है तो इसकी जीत का श्रेय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और चुनाव के ठीक पहले लाई गई लाड़ली बहना योजना को दिया जाएगा। जिन सात सांसदों को विधानसभा चुनाव लड़ाया गया था, वे खुद अपनी जीत की उधेड़बुन में लगे रहे। ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर-चंबल अंचल में कोई करिश्मा दिखा पाएंगे, ऐसा मतदाता के रुख से फिलहाल नहीं लग रहा है। राजस्थान के आठ सर्वे में से पांच भाजपा और तीन कांग्रेस के पक्ष में हैं। छत्तीसगढ़ में आठ में से आठ सर्वे कांग्रेस को फिर से सत्ता में आते दिखा रहे हैं। तेलंगाना में छह सर्वे में से पांच कांग्रेस को साफ बहुमत दे रहे हैं। दूसरे नंबर पर यहां मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की पार्टी भारतीय राष्ट्र समिति है। भाजपा को पांच से लेकर 13 सीटों पर ही संतोष करना पड़ेगा। साफ है, कर्नाटक के बाद कांग्रेस तेलंगाना में भी सत्तारुढ़ होती दिख रही है। यहां के चंद्रशेखर राव की पार्टी अधिकांश एक्जिट पोल में कांग्रेस से चुनाव हारती हुई नजर आ रही है। ध्यान रहे, तेलंगाना में कुछ ही महीने पहले कांग्रेस चुनावी संग्राम में उतरी थी। बावजूद वह बढ़त में है तो इसका प्रमुख कारण सत्तारुढ़ दल के प्रति सत्ता विरोधी रुझान है। मिजोरम में राष्ट्रीय पार्टियां आती नहीं दिख रही हैं। यहां त्रिशंकु सरकार बनती दिखाई दे रही है। मिजोरम में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में 14 से 18 सीटों की जीत के साथ एमएनएफ उभरती दिख रही है। उसका सीधा मुकाबला जेडपीएम से है। इस क्षेत्रीय दल को 12 से 16 सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस को 8 से 10 और भाजपा को दो सीटें मिलने के अनुमान लगाए गए हैं। साफ है, एग्जिट पोल करने वाली सर्वे एजेंसियों में इतना झोल और विरोधाभास है कि ये सर्वे भरोसे के नहीं लग रहे हैं। इसीलिए इन सर्वेक्षणों को 'जितने मुंह, उतनी बातें' कहा जा रहा है। वैसे भी ये अनुमान संयोग से ही सटीक बैठते हैं। ओपिनियन पोल, मसलन जनमत सर्वेक्षण जहां मतदान पूर्व मतदाता की मंशा टटोलने की कोशिश होते हैं, वहीं एग्जिट पोल, अर्थात सटीक सर्वेक्षण, मतदान पश्चात, मतदाता का निर्णय जानने की कोशिश होते हैं। ओपीनियन पोल शुल्क चुकाकर प्रायोजित ढंग से कराए जा सकते हैं, इसलिए इनके प्रकाशित व प्रसारित होने से मतदाता के रुख को प्रभावित करने की आशंका होती है। किंतु एग्जिट पोल मतदान पूरा हो के बाद, महज वास्तविक परिणाम के पूर्व अनुमान होते हैं। इसलिए कोई राजनीतिक दल इन्हें अपनी इच्छानुसार कराने में रुचि नहीं लेता। मतदान के बड़े प्रतिशत को अब तक सत्तारुढ़ दल के खिलाफ व्यक्तिगत असंतुष्टि और व्यापक असंतोष के रुप में देखा जाता था, लेकिन मतदाता में आई बड़ी जागरुकता ने परिदृश्य को बदला है, इसलिए इसे केवल नकारात्मकता की तराजू पर तौलना बड़ी भूल होगी। इसे सकारात्मक दृष्टि से देखने की भी जरुरत है। मध्य प्रदेश में महिलाओं का बढ़ा प्रतिशत भाजपा के पक्ष में दिखाई दे रहा है। एंटी इनकमबेंसी का संकेत आमतौर पर मौजूदा सरकार के विपरीत चली लहर को माना जाता है। इसे प्रमाणित करने के लिए 1971, 1977 और 1980 के आम चुनाव में हुए ज्यादा मतदान के उदाहरण दिए जाते हैं। लेकिन यह धारणा पिछले कुछ चुनाव में बदली है। 2018 को छोड़कर 2013, 2008 और 2003 में बढ़े मतदान का लाभ सत्तारुढ़ होते हुए भी मध्यप्रदेश में भाजपा को मिलता रहा है। 2010 के चुनाव में बिहार में मतदान प्रतिशत बढ़कर 52 हो गया था, लेकिन नीतीश कुमार की ही वापसी हुई। जबकि पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक मतदान 84 फीसदी हुआ।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796, प्रसार:-9470050309 ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# चुटकियों में कब्ज की समस्या से पाएं निजात, हैं ये आसान उपाय



आजकल कब्ज आम समस्या बन गई है। इससे कोई भी प्रभावित हो सकता है। गर्भावस्था में महिलाओं को भी कब्ज की समस्या होती है। इस स्थिति में पाचन प्रक्रिया धीमी हो जाती है। इसके चलते कब्ज से पीड़ित व्यक्ति को मल त्याग में दिक्कत होती है। लंबे समय तक कब्ज रहने से कई बीमारियां जन्म लेती हैं। इससे सिरदर्द, गैस, भूख न लगने की समस्या होती है। कब्ज की समस्या में कोताही नहीं बरतनी चाहिए। आइए, कब्ज के कारण, लक्षण और उपाय जानते हैं-

### कब्ज के कारण

- पानी कम पीना
-डिहाइड्रेशन
- फाइबर की कमी
-अत्यधिक आराम
-खराब दिनचर्या
-गर्भावस्था
-दवा के दुष्प्रभाव
-शराब का सेवन
-धूम्रपान

कब्ज के लक्षण
-चक्कर आना
-जी मिचलाना
-मुंहासे
-पेट में भारीपन
-हाजमा खराब होना
-सिर दर्द

### घी का सेवन करें

घी से न केवल जायके का स्वाद बढ़ता है, बल्कि शरीर भी बलवान होता है। इससे शरीर को वसा की प्राप्ति होती है। डॉक्टर दुबले पतले लोगों को वजन बढ़ाने के लिए घी खाने की सलाह देते हैं। इसके लिए खाना खाने से पहले एक चम्मच घी और चीनी का सेवन करें। इसके अलावा, घी के सेवन से कब्ज की समस्या दूर होती है। इसमें विटामिन ए, डी, ई पाया जाता है। ये आवश्यक पोषक तत्व कब्ज के लिए फायदेमंद होते हैं।

### आंवले का सेवन करें

अगर आप कब्ज से परेशान हैं और इससे निजात पाना चाहते हैं, तो आंवले का सेवन कर सकते हैं। इसके सेवन से कब्ज की समस्या दूर होती है। आंवले में विटामिन-सी, फाइबर समेत कई आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। इसके सेवन से मोटापा और मधुमेह में भी आराम मिलता है।


### खजूर खाएं

हेल्थ एक्सपर्ट्स सर्दियों में सेहतमंद रहने के लिए खजूर खाने की सलाह देते हैं। वहीं, खजूर खाने से कब्ज की समस्या भी दूर होती है। इससे शरीर में आयरन की कमी भी दूर होती है। इससे शरीर में ऊर्जा का संचार होता है।

### मेथी का सेवन करें

पाचन तंत्र को मजबूत करने के लिए मेथी का सेवन करना फायदेमंद होता है। इसके सेवन से कब्ज में भी आराम मिलता है। इसके लिए रोजाना रात में सोने से पहले एक गिलास पानी में एक चम्मच मेथी के दाने भिगोकर रख दें। अगली सुबह मेथी पानी का सेवन करें।

# अल्जाइमर को नजरअंदाज करना पड़ सकता है सेहत पर भारी



क्या आप चीजें रखने के बाद अक्सर भूल जाया करते हैं या फिर आपको किसी चीज को याद करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, अगर इन सवालों का जवाब हां में है तो आप अल्जाइमर रोग के शिकार हो सकते हैं।अल्जाइमर रोग दुनियाभर में तेजी से बढ़ते न्यूरोलॉजिकल विकारों में से एक है। इसे डेमेंशिया का सबसे सामान्य प्रकार भी माना जाता है। अल्जाइमर रोग के कारण लोगों का दैनिक जीवन भी प्रभावित हो सकता है।

ऐसे मेंआइए जानते हैं आखिर क्या है अल्जाइमर रोग, इसके लक्षण और बचाव के उपाय।

### क्या है अल्जाइमर रोग–

अल्जाइमर रोग एक न्यूरोलॉजिकल विकार है जिसमें मस्तिष्क की कोशिकाएं मृत होने लगती हैं, कई मामलों में मस्तिष्क में सिकुड़न की भी समस्या हो सकती है। आसान शब्दों में समझें तो अल्जाइमर रोग एक मानसिक विकार है, जिसके कारण मरीज की याद्दाश्त कमजोर हो जाती है और उसका असर दिमाग के कार्यों पर पड़ता है।आमतौर पर यह मध्यम उम्र या वृद्धावस्था में दिमाग के ऊतकों को नुकसान पहुंचने के कारण होता है।यह डिमेंशिया का सबसे आम प्रकार है, जिसका असर व्यक्ति की याद्दाश्त, सोचने की क्षमता, रोजमर्रा की गतिविधियों पर पड़ता है

### अल्जाइमर के लक्षण–

-आपकी दैनिक गतिविधियों को प्रभावित करने वाली स्मृति में कमी
-समस्या सुलझाने में कठिनाई
-भाषण या लेखन के साथ परेशानी
-समय या स्थानों के बारे में भ्रमित हो जाना
-निर्णय लेने में कमी
-व्यक्तिगत स्वच्छता में कमी
-मनोदशा और व्यक्तित्व में परिवर्तन
-दोस्तों, परिवार और समाज से दूरी
-धूम्रपान से बचें ।
-नियमित रूप से व्यायाम करें।

# घर को एलर्जी से दूर रखने के लिए अपनाएं ये आसान तरीके

घर पर हे फीवर या एलर्जी अस्थमा के लक्षणों का अनुभव करना आम हो रहा है। एलर्जी हमेशा किसी एक मौसम में नहीं होती है। ये साल के किसी भी समय आप पर हमला कर सकती है।

हालांकि जब बाहर की दुनिया की बात आती है तो आप बदलाव नहीं कर सकते हैं, लेकिन कुछ ऐसे कदम हैं जिन्हें आप अपने घर में एलर्जी को कम करने के लिए अपना सकते हैं। कोशिश करें कि आपका घर किसी भी ऐसे तत्व से मुक्त है जो आप को एलर्जी की समस्या से परेशान कर सकता है।

### पालतू जानवरों को बेडरूम से दूर रखें

याद रखें कि बेडरूम आपके परिवार के हर सदस्य के लिए आराम की जगह है। अगर परिवार में किसी को पालतू जानवरों से एलर्जी है, तो अपने पालतू जानवरों को बेडरूम से दूर रखें। अपने पालतू जानवरों को एक अलग कमरे में सुलाएं। उन्हें हफ्ते में एक बार नहलाएं ताकि उनके फर से एलर्जी दूर हो सके।

### फर्नीचर का चुनाव सोच-समझकर करें

क्या आप हर बार सोफे पर लेटने पर असुविधा महसूस करते हैं? फर्नीचर में अपहोल्स्ट्री या गंदगी इसका कारण हो सकती है। आप अपहोल्स्ट्री के बिना सोफा और कुर्सियों को चमड़े, लकड़ी, धातु या प्लास्टिक से बने फर्नीचर से बदल सकते हैं। ये साफ करने में आसान होते हैं और एलर्जी को भी दूर रखते हैं।

### फ्रिज को साफ रखें

रेफ्रिजरेटर को साफ रखना आपकी रसोई को एलर्जी मुक्त और स्वच्छ रखने की दिशा में एक जरूरी कदम है। फ्रिज में ज्यादा नमी को पोंछें।

# पसीने की बदबू दूर करने के कारगर DIYs

शरीर से दुर्गंध आना कई लोगों की एक आम समस्या है और गर्मी के मौसम में ज्यादा गर्मी और पसीने के कारण यह समस्या और भी बढ़ जाती है। सबसे बड़ी बात यह है कि कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिनके पसीने में दूर ही काफी बदबू आती है।

गौर करें, तो पसीना आना एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और पसीना गंधहीन होता है, लेकिन कई लोग यह सोचते हैं कि पसीना अगर गंधहीन यानी इसमें कोई भी महक नहीं होती, तो फिर कई लोगों के पसीने से बदबू क्यों आती है। यह शरीर पर बैक्टीरिया का विकास है, जो गंध का कारण बनता है। बाजार में कई बॉडी टैल्क और डिओडोरेंट्स उपलब्ध हैं, लेकिन वे लंबे समय तक बदबू का मुकाबला नहीं कर सकते हैं।

### ठीक से नहाएं

नहाना सबसे अहम है। जिन लोगों को ज्यादा पसीना आता है, उन्हें रोजाना और दो बार नहाना चाहिए। एक अच्छे एंटी-बैक्टीरियल साबुन का इस्तेमाल करें। आप ककड़ी, एलोवेरा, टी ट्री ऑयल, नीम या मेन्थॉल से दिन में दो बार बॉडी वाश भी ले सकते हैं। इससे शरीर से बैक्टीरिया दूर रहते हैं।

### नीम की पत्तियां

नीम के कई औषधीय गुण हैं। मुट्ठी भर नीम की पत्तियों में पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। 15 मिनट के लिए लगाएं और धो लें।, नीम के पत्तों को पानी की बाल्टी में डालें और उस पानी से नहाएं।

### नारियल का तेल


नारियल के तेल के कई फायदे होते हैं। नहाने के बाद अंडरआर्म्स पर नारियल का तेल लगाएं। नारियल तेल के रोजाना इस्तेमाल से भी अंडरआर्म्स का कालापन हल्का हो जाएगा। नारियल के तेल में पौष्टिक गुण होते हैं। यह स्किन को नमीयुक्त और पोषण भी देगा।

### पानी पिएं

पर्याप्त पानी पीने से आप अंदर से हाइड्रेट रहेंगे। यह शरीर से टॉक्सिक को बाहर निकालता है, जिससे शरीर में बदबू पैदा करने वाले बैक्टीरिया को हटा दिया जाता है। साथ ही, पानी एक न्यूट्रलाइजर है, तो यह आंतों में बैक्टीरिया की रोकथाम भी करेगा।

### मीठा सोडा

बेकिंग सोडा के पेस्ट को बराबर भागों में कॉर्न स्टार्च के साथ लगाने से नेचुरल डियोडोरेंट का काम होगा।



# एयरपोर्ट पर सामान लादते दिखे थे पाक खिलाड़ी

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। पाकिस्तानी टीम फिलहाल ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर पहुंची है। उसे वहां तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है, जिसकी शुरुआत 14 दिसंबर से होने जा रही है। उससे पहले टीम को कैनबरा में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री-11 के खिलाफ प्रैक्टिस मैच खेलना है। पाकिस्तान टीम की यात्रा की एक तस्वीर वायरल हुई है, जिसमें सिडनी एयरपोर्ट पर पाकिस्तानी खिलाड़ी खुद से ट्रक पर सामान लादते दिखे हैं। जहां मोहम्मद रिजवान ट्रक पर चढ़कर खिलाड़ियों से सामान लेते हैं और बाकी खिलाड़ी खुद से सामान लादते दिख रहे हैं। इस वीडियो को लेकर जहां कुछ फैंस ने पाकिस्तानी टीम का मजाक उड़ाया था। वहीं, कुछ फैंस ने ऑस्ट्रेलियाई मैनेजमेंट को लताड़ लगाई थी। अब पाकिस्तान के टी20 कप्तान और टेस्ट टीम के अहम हिस्सा शाहीन अफरीदी ने इस तस्वीर के पीछे की असली कहानी बताई है। शाहीन ने किया खुलासा मीडिया से बातचीत करते हुए शाहीन अफरीदी ने खुलासा किया कि टीम को लगभग 30 मिनट में अपनी अगली फ्लाइट पकड़नी थी। वे केवल समय बचाने के लिए एक-दूसरे की मदद कर रहे थे। अफरीदी ने कहा- हमारे पास अपनी अगली फ्लाइट पकड़ने के लिए केवल 30 मिनट थे और हमने मदद की क्योंकि वहां सिर्फ दो लोग थे। शाहीन ने रविवार को कैनबरा में पाकिस्तान के पहले अभ्यास सत्र से पहले कहा- हम तेजी से काम खत्म करना चाहते थे और समय बचाना चाहते थे। हम इस टीम को एक परिवार कहते हैं और एक परिवार के रूप में उनकी मदद करते हैं। टेस्ट सीरीज को लेकर क्या बोले शाहीन पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में कभी टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। वे 1979 में दो मैचों की प्रतियोगिता में सबसे करीब आए थे जो ड्रॉ में समाप्त हुआ था। इसके अलावा आखिरी बार पाकिस्तान ने 1995 में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच जीता था। यह एशियाई टीम तब से लगातार 14 मैच हार चुकी है।






## जूनियर हॉकी पुरुष विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए मलेशिया रवाना हुई भारतीय टीम

नई दिल्ली। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम शनिवार को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मलेशिया के कुआलालंपुर के लिए रवाना हुई, जहां टीम 5 दिसंबर से 16 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप 2023 में हिस्सा लेगी। भारत टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में चौथे स्थान पर रहा था, जो कि 2021 में भुवनेश्वर, भारत में आयोजित किया गया था। भारत को स्पेन, कोरिया और कनाडा के साथ पूल सी में रखा गया है, जबकि गत चैंपियन अर्जेंटीना चिली, ऑस्ट्रेलिया और मेजबान मलेशिया के साथ पूल ए में है। जर्मनी, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और मिस्र पूल बी में हैं, जबकि नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, बेल्जियम और पाकिस्तान पूल डी में हैं। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 5 दिसंबर को कोरिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। वहीं, उप-कप्तान अरिजीत सिंह ने कहा, "पिछले विश्व कप के बाद से टीम काफी बढ़ गई है। हमने सुल्तान जोहोर कप 2022 और जूनियर एशिया कप जीता और हाल ही में सुल्तान जोहोर कप 2023 में तीसरे स्थान पर रहे। इसलिए, हम जानते हैं कि हम एफआईएच हॉकी पुरुषों के जूनियर विश्व कप 2023 को जीतने में सक्षम हैं।"

## स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को टखने में परेशानी, इलाज के लिए मुंबई गए

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को टखने में परेशानी हो रही है, जिसके उपचार की जरूरत है और भारतीय टीम प्रबंधन उम्मीद लगाए है कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 26 दिसंबर से सेंचुरियन में शुरु हो रहे पहले टेस्ट के लिए समय पर फिट हो जाएंगे। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) की विज्ञप्ति में शमी को टेस्ट टीम में शामिल किया गया है लेकिन इसमें उनके नाम के साथ 'स्टार' का निशान लगा हुआ है कि वह इस समय उपचार करा रहे हैं और उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर करेगी। हालांकि उनकी चोट की गंभीरता या प्रकार पर कोई सूचना नहीं दी गई है कि यह उन्हें मैदान पर लगी या यह फिटनेस संबंधित है। लेकिन पता चला है कि शमी टखने की समस्या के उपचार के लिए मुंबई में 'स्पोर्ट्स ऑर्थोपेडिक' से सलाह ले रहे थे। शमी टखने की समस्या के उपचार के लिए मुंबई में 'स्पोर्ट्स ऑर्थोपेडिक' से सलाह ले रहे थे। इसकी जानकारी रखने वाले बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, "यह मैदान पर लगी चोट नहीं है। उनके टखने में कुछ समस्या हो रही है। शमी डॉक्टरों की सलाह के लिए मुंबई आए। वह रिहैबिलिटेशन और इसके उपचार के लिए एनसीए भी जाएंगे।" उन्होंने कहा, "अगर शमी के 'बॉक्सिंग डे टेस्ट' के लिए समय पर ठीक होने की संभावना नहीं होती तो राष्ट्रीय चयनकर्ता उन्हें नहीं चुनते। "अगर शमी के 'बॉक्सिंग डे टेस्ट' के लिए समय पर ठीक होने की संभावना नहीं होती तो राष्ट्रीय चयनकर्ता उन्हें नहीं चुनते।" तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला 10 दिसंबर से होगी, जबकि इसके बाद 17 दिसंबर से जोहानिसबर्ग में तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला खेली जाएगी। सेंचुरियन में 26 दिसंबर से शुरु हो रही दो टेस्ट की सीरीज के लिए तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुवा जसप्रीत बुमराह को उप कप्तान बनाने का फैसला किया है, जबकि रोहित शर्मा टीम की अगुवाई करना जारी रखेंगे।



## सिलहट टेस्ट: बांग्लादेश ने रचा इतिहास, न्यूजीलैंड को 150 रनों से हराया

नई दिल्ली। तईजुल इस्लाम की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत बांग्लादेश ने शनिवार को इतिहास रचते हुए सिलहट टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड को 150 रनों से करारी शिकस्त दी। यह कीवी टीम के खिलाफ बांग्लादेश की अपनी जमीन पर पहली टेस्ट जीत भी थी। तईजुल ने मैच में 10 विकेट लिये, जिसमें दूसरी पारी में 6 विकेट भी शामिल थे। बांग्लादेश की न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 मैचों में यह दूसरी टेस्ट जीत थी। कीवी के खिलाफ उनकी पिछली जीत 2022 में आई थी जब वे माउंट माउंगानुई में जीते थे। इस जीत के साथ ही बांग्लादेश ने दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली और महत्वपूर्ण विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंक प्राप्त किए। इस मैच में टॉस जीतने के बाद बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने पहले बल्लेबाजी चुनी। बांग्लादेश के शीर्ष-क्रम ने एक घुमती पिच पर संभलकर बल्लेबाजी की। महमूदुल हसन जॉय ने 166 गेंदों में 11 चौकों की बदौलत 86 रन बनाए, जबकि शांतो और मोमिनुल हक दोनों ने 37-37 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स (4/53) के नेतृत्व में, न्यूजीलैंड ने अच्छी तरह से मुकाबला किया।

# IND Vs AUS 5th T20 : आखिरी टी20 में बड़े बदलाव करेंगे सूर्या, ये हो सकती है टीम

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 सीरीज का आज (3 दिसंबर) पांचवां एवं आखिरी मुकाबला खेला जाना है. भारतीय टीम पहले ही सीरीज में 3-1 की बढ़त ले चुकी है. यह देखना दिलचस्प होगा कि इस मैच के लिए प्लेइंग-11 में कोई बदलाव होता है या नहीं. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 सीरीज का आज (3 दिसंबर) पांचवां एवं आखिरी मुकाबला खेला जाना है. दोनों टीमों के बीच यह मैच बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा. सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम पहले ही सीरीज में अजेय बढ़त ले चुकी है. यदि भारतीय टीम इस मुकाबले को जीत लेती है तो वह 4-1 से सीरीज पर कब्जा कर लेगी. भारतीय समयानुसार यह मुकाबला शाम सात बजे से शुरु होगा. इस टी20 सीरीज में भारतीय बल्लेबाजों का जलवा देखने को मिला है. कप्तान सूर्यकुमार यादव, ऋतुराज गायकवाड़, रिंकू सिंह, यशस्वी जयसवाल और इशान किशन ने अच्छा प्रदर्शन किया है. पिछले मैच में ईशान किशन की जगह खेलने वाले जितेश शर्मा ने भी अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया. गेंदबाजी में स्पिनर रवि बिश्नोई ने अभी तक सात विकेट लेकर अच्छा प्रदर्शन किया है. वैसे पांचवे टी20 मुकाबले में सबकी निगाहें श्रेयस अय्यर और दीपक चाहर पर होंगी. साउथ अफ्रीका दौरे पर जाने से पहले श्रेयस चिन्नास्वामी स्टेडियम में बड़ी पारी खेलने की कोशिश करेंगे. उन्होंने कुछ दिन पहले ही वनडे विश्व कप में इस मैदान पर नीदरलैंड्स के खिलाफ शतक लगाया था. उधर दीपक चाहर ने भी चोट के चलते लंबे समय तक बाहर रहने के बाद वापसी की है. चाहर ने रायपुर टी20 में टिम डेविड और मैथ्यू शॉर्ट के विकेट्स लेकर प्रभाव डाला, लेकिन उन्होंने अपने चार ओवर के कोटे में 44 रन दिए थे. पांचवें टी20 मैच के लिए भारतीय टीम की प्लेइंग-11 में कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं. कप्तान सूर्यकुमार इस मैच में स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर को मौका दे सकते हैं, ताकि अफ्रीका दौरे से पहले उन्हें कुछ प्रैक्टिस मिल सके. सुंदर पिछले कुछ समय से चोटों से परेशान रहे हैं. सुंदर को बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की जगह प्लेइंग-11 में शामिल किया जा सकता है,



# BNM Fantasy



## दीपिका पादुकोण बनीं हेयर स्टाइलिस्ट

दीपिका पादुकोण इन दिनों लंदन में छुट्टियां मना रही हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ फोटोज शेयर की। फोटोज में दीपिका अपनी बेस्ट फ्रेंड्स स्नेहा रामचंदर और दिव्या नारायण के साथ नजर आ रही हैं। अपनी बेस्टी को हेयर स्टाइल में मदद करते हुए दीपिका की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। हाल ही में दीपिका की दोस्त स्नेहा रामचंदर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक स्टोरी शेयर की। फोटो में दीपिका बहुत ध्यान से अपनी बेस्ट फ्रेंड के बाल बनाती नजर आ रही हैं। स्नेहा ने कैप्शन लिखा- दीपिका पादुकोण मेरे बाल बनाती हुईं। असिस्टेंट के तौर पर हमारी दोस्त दिव्या नारायण भी मौजूद हैं।

## रणबीर कपूर के साथ इंटीमेट सीन देने पर तृप्ति डिमरी ने किया रिएक्ट

रणबीर कपूर की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'एनिमल' लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म में दो दिनों में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। जैसे-जैसे फिल्म सक्सेस की ओर बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे फिल्म के कई पहलुओं पर लोग बात कर रहे हैं। 'एनिमल' के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के बीच रणबीर कपूर और तृप्ति डिमरी के बीच फिल्माया गया इंटिमेट सीन भी काफी चर्चा में है। सोशल मीडिया पर रणबीर और तृप्ति के बीच के न्यूड सीन को लेकर काफी हलचल मची है। कुछ फैंस ने इस क्राफ्ट की तारीफ की, तो कुछ ने इसे हाइरेटेड मूवी बात कर परिवार के साथ न देखने की नसीहत दी। इस बीच ऐक्ट्रेस तृप्ति डिमरी ने रणबीर के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने को लेकर अपना एक्सपीरियंस शेयर किया है। एनिमल' में रणबीर कपूर का तृप्ति डिमरी के साथ एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर दिखाया है। फिल्म में दोनों का इंटीमेट सीन है। सोशल मीडिया पर उस समय सीन से जुड़ी एक फोटो वायरल हुई है, जिसमें तृप्ति सेमी न्यूड लेटी हैं और रणबीर उनके पेट पर सिर रखे हुए हैं। रणबीर के साथ थोड़े टाइम के लिए ही तृप्ति ने स्क्रीन स्पेस शेयर किया है। उनके साथ काम करने की एक्सपीरियंस ने एक्ट्रेस ने कहा कि वह दोबारा रणबीर के साथ कोलैबोरेट करने की उम्मीद रखती हैं। इस फिल्म ने दो दिनों में 100 करोड़ के पार की कमाई कर डाली है। शनिवार को मूवी ने 66.27 करोड़ की कमाई की।



## फेक न्यूज पर फूटा कृति सेनन का गुस्सा

### *कृति सेनन ने लिया लीगल एक्शन*



नेशनल अवॉर्ड विनर कृति सेनन (Kriti Sanon) को लेकर खबरें चल रही हैं कि उन्होंने करण जौहर के चैट शो कॉफी विद करण के एक एपिसोड में कुछ ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म्स का प्रमोशन किया है। अब अभिनेत्री ने इन खबरों को झूठा बताकर लीगल एक्शन लिया है। एक्ट्रेस से बिजनेसवुमन बनीं कृति सेनन आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। अभिनेत्री पिछले साल चैट कॉफी विद करण में पहुंची थीं। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि अभिनेत्री ने शो में ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म्स का प्रमोशन किया है। अभिनेत्री ने इन खबरों को झूठा बताया है। कृति सेनन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर कुछ न्यूज के स्क्रीनशॉट को शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने 'फेक न्यूज' का स्टिकर लगाया है। साथ ही लिखा है, "फेक न्यूज अलर्ट।" यही नहीं, अभिनेत्री ने एक स्टेटमेंट जारी कर फेक न्यूज फैलानें वालों पर लीगल एक्शन लेने की बात कही है।कृति सेनन ने स्टेटमेंट जारी कर कहा, "कॉफी विद करण में मेरे द्वारा कुछ ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म को प्रमोट करने के बारे में कई आर्टिकल्स वायरल हो रहे हैं, जो झूठे हैं। यह आर्टिकल पूरी तरह से फर्जी और झूठे हैं और बेईमानी व गलत इरादे से प्रकाशित किए गए हैं। यह आर्टिकल मानहानिकारक हैं और मुझे ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म से जोड़ने का झूठा दावा कर रहे हैं।"कृति सेनन ने आगे कहा, "मैंने शो में कभी भी किसी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के बारे में बात नहीं की है। मैंने ऐसे झूठे आर्टिकल्स और रिपोर्टों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है और कानूनी नोटिस जारी किया है। मैं सभी से अनुरोध करती हूं कि ऐसी झूठी, फर्जी और मानहानिकारक रिपोर्टों से सावधान रहें।" कृति सेनन अभिनेत्री होने के साथ-साथ अब एक प्रोड्यूसर भी बन गई हैं, जो जल्द ही अपनी आगामी फिल्म 'दो पत्ती' को प्रोड्यूस करेंगी। इस फिल्म में वह काजोल के साथ स्क्रीन भी शेयर करती दिखेंगी। इसके अलावा उनके पास फिल्मों की एक लंबी लिस्ट है, जिसमें 'द क्रू', 'हाउसफुल 5' और शाहिद कपूर के साथ रोमांटिक फिल्म शामिल है।